डिका नी आंबे ईटाटेन कोरा
पनिहारी कू कुआन ओलेन हाँ रे
डिका नी आंबे ईटाटेन कोरा
पनिहारी कू कुआन ओलेन हाँ रे
डो ईटा टेन रेवा डा ईडा सेने कि
आंबे डिया कपरेन घाउवा हाँ रे
डो ईटा टेन रेवा डा ईडा सेने कि

अंबे डिया कपरेन घाउवा हाँ रे
डो ईटा टेन रेवा डा ईडा सेने कि
अंबे डिया कपरेन घाउवा हाँ रे
रेवा नी डोलाटेन मांडीनी लाकेन
इनी आंबे सिंज आम माकी हाँ रे
रेवा नी डोलाटेन मांडीनी लाकेन
इनी आंबे सिंज आम माकी हाँ रे
रेवा नी डोलाटेन मांडीनी लाकेन
इनी आंबे सिंज आम माकी हाँ रे
हाजे नी सेनेटेन इयेन नी घाउवा
कान जेनी ऐल्लेन आंबे ऊमून के हाँ रे
हाजे नी सेनेटेन इयेन नी घाउवा
कान जेनी ऐल्लेन आंबे ऊमून के हाँ रे
हाजे नी सेनेटेन इयेन नी घाउवा
कान जेनी ऐल्लेन आंबे ऊमून के हाँ रे
रेवा मांडी नी आजोम टेन
डोल सुतार काका केन मांडी केनेज हाँ रे
रेवा मांडी नी आजोम टेन
डोल सुतार काका केन मांडी केनेज हाँ रे
रेवा मांडी नी आजोम टेन
डोल सुतार काका केन मांडी केनेज हाँ रे
इयां नी बाड़ा आंबे नी माकी आमकेन
नी मोनई डामा जेवा हाँ रे हाँ रे हाँ रे हाँ रे
इयां नी बाड़ा आंबे नी माकी आमकेन
नी मोनई डामा जेवा हाँ रे हाँ रे हाँ रे हाँ रे
इयां नी बाड़ा आंबे नी माकी आमकेन
नी मोनई डामा जेवा हाँ रे हाँ रे हाँ रे हाँ रे

आंबे नी माखे उलटायेन लाका
गांवानी कुरकू रिरोम साडुबकेन हाँ रे
आंबे नी माखे उलटायेन लाका
गांवानी कुरकू रिरोम साडुबकेन हाँ रे
आंबे नी माखे उलटायेन लाका
गांवानी कुरकू रिरोम साडुबकेन हाँ रे
सगड़ा रीमटेन उरान नी ओलेन
टावटेन रांडो सानी हैजकेन हाँ रे
सगड़ा रीमटेन उरान नी ओलेन
टावटेन रांडो सानी हैजकेन हाँ रे
सगड़ा रीमटेन उरान नी ओलेन
टावटेन रांडो सानी हैजकेन हाँ रे
ईगांन उगांन खूब घाघटानी लाकेन
मट्टाये टेन मिया आंबे घाटायेन हाँ रे
ईगांन उगांन खूब घाघटानी लाकेन
मट्टाये टेन मिया आंबे घाटायेन हाँ रे
ईगांन उगांन खूब घाघटानी लाकेन
मट्टाये टेन मिया आंबे घाटायेन हाँ रे
साना नी मांडी लाकेन आजोमेडो
सानी इनी मिया आंबेकेन बीलीकि हाँ रे
साना नी मांडी लाकेन आजोमेडो
सानी इनी मिया आंबेकेन बीलीकि हाँ रे
साना नी मांडी लाकेन आजोमेडो
सानी इनी मिया आंबेकेन बीलीकि हाँ रे
थोड़ा दिनेन नी डी आंबे बीलियेन
साना सानी उंदार लाजेन हाँ रे हाँ रे
थोड़ा दिनेन नी डी आंबे बीलियेन

साना सानी उंदार लाजेन हाँ रे हाँ रे
थोड़ा दिनेन नी डी आंबे बीलियेन
साना सानी उंदार लाजेन हाँ रे हाँ रे
आंबे के आबून के ठाकू ओडे
लाकेन ठाकू जगान टड़ई ओटजेन हाँ रे
आंबे के आबून के ठाकू ओडे
लाकेन ठाकू जगान टड़ई ओटजेन हाँ रे
आंबे के आबून के ठाकू ओडे
लाकेन ठाकू जगान टड़ई ओटजेन हाँ रे
सानी नी साना टेन मांडी नी लाजेन
आलोमा भागोनी जाकाटायेन हाँ रे
सानी नी साना टेन मांडी नी लाजेन
आलोमा भागोनी जाकाटायेन हाँ रे
सानी नी साना टेन मांडी नी लाजेन
आलोमा भागोनी जाकाटायेन हाँ रे
दीने का दीनेने खाडुनी लाकेन
टड़ई साना सानी ऊरान हाँ रे हाँ रे
दीने का दीनेने खाडुनी लाकेन
टड़ई साना सानी ऊरान हाँ रे हाँ रे
दीने का दीनेने खाडुनी लाकेन
टड़ई साना सानी ऊरान हाँ रे हाँ रे
मिया नी डिन नी साना डो सानी
परकोमा लियेन डाड़ी लोखोड़के हाँ रे
मिया नी डिन नी साना डो सानी
परकोमा लियेन डाड़ी लोखोड़के हाँ रे
मिया नी डिन नी साना डो सानी
परकोमा लियेन डाड़ी लोखोड़के हाँ रे

टड़ईकेन मांडी के तूड़ी आम डोगे
डिंगाटे बिखिल मिया हाजे लाकेन हाँ रे
टड़ईकेन मांडी के तूड़ी आम डोगे
डिंगाटे बिखिल मिया हाजे लाकेन हाँ रे
टड़ईकेन मांडी के तूड़ी आम डोगे
डिंगाटे बिखिल मिया हाजे लाकेन हाँ रे
बिखिल नी हैयेन जोम लाकेन टूड़ी
टड़ई नी टीटेन का मूंडा केनेज हाँ रे
बिखिल नी हैयेन जोम लाकेन टूड़ी
टड़ई नी टीटेन का मूंडा केनेज हाँ रे
बिखिल नी हैयेन जोम लाकेन टूड़ी
टड़ई नी टीटेन का मूंडा केनेज हाँ रे
टाड़िया टी डेगो बिक्खीला भावड़ीन
लीखना डेंगो टी आलेजेन हाँ रे
टाड़िया टी डेगो बिक्खीला भावड़ीन
लीखना डेंगो टी आलेजेन हाँ रे
टाड़िया टी डेगो बिक्खीला भावड़ीन
लीखना डेंगो टी आलेजेन हाँ रे
ढेल्लेटेन ओलेन बिक्खील उरागेन
गोला सिंग राजा टोटोल लाकेन हाँ रे
ढेल्लेटेन ओलेन बिक्खील उरागेन
गोला सिंग राजा टोटोल लाकेन हाँ रे
ढेल्लेटेन ओलेन बिक्खील उरागेन
गोला सिंग राजा टोटोल लाकेन हाँ रे
डोकेनि जेका बिक्खिला भावड़ीन
डेंगोटी छापानी ऐंडाके हाँ रे हाँ रे
डोकेनि जेका बिक्खिला भावड़ीन

डेंगोटी छापानी ऐंडाके हाँ रे हाँ रे
डोकेनि जेका बिक्खिला भावड़ीन
डेंगोटी छापानी ऐंडाके हाँ रे हाँ रे
जेमानि कोन्जई जेमानी कीमिन
बिक्खिला भावड़ी छापाटी ऐंडाकेरे
जेमानि कोन्जई जेमानी कीमिन
बिक्खिला भावड़ी छापाटी ऐंडाकेरे
जेमानि कोन्जई जेमानी कीमिन
बिक्खिला भावड़ी छापाटी ऐंडाकेरे
सेनेजा भागिया पाटा नी लागाटिये
ईनी रोंगो नी जे टी हाँ रे हाँ रे हाँ रे
सेनेजा भागिया पाटा नी लागाटिये
ईनी रोंगो नी जे टी हाँ रे हाँ रे हाँ रे
सेनेजा भागिया पाटा नी लागाटिये
ईनी रोंगो नी जे टी हाँ रे हाँ रे हाँ रे
भागिया कू ओलेन कोमरा नी
चाले सानी साना उरानप ओलेन हाँ रे
भागिया कू ओलेन कोमरा नी
चाले सानी साना उरानप ओलेन हाँ रे
भागिया कू ओलेन कोमरा नी
चाले सानी साना उरानप ओलेन हाँ रे
आपे ऐल्ले इनी टड़ई नी मूंडा डून
आले केन सच्चो का कानिये हाँ रे
आपे ऐल्ले इनी टड़ई नी मूंडा डून
आले केन सच्चो का कानिये हाँ रे
आपे ऐल्ले इनी टड़ई नी मूंडा डून
आले केन सच्चो का कानिये हाँ रे

मांडी नी लाजेन टड़ई इंज मुंडाके
बिक्खिल डाड़ी आले जोजोम लाका हाँ रे
मांडी नी लाजेन टड़ई इंज मुंडाके
बिक्खिल डाड़ी आले जोजोम लाका हाँ रे
मांडी नी लाजेन टड़ई इंज मुंडाके
बिक्खिल डाड़ी आले जोजोम लाका हाँ रे
डेटोगेन नी भागिया कू ईरायेन उरागेन
गौलासिंग राजाकेन कानिके हाँ रे
डेटोगेन नी भागिया कू ईरायेन उरागेन
गौलासिंग राजाकेन कानिके हाँ रे
डेटोगेन नी भागिया कू ईरायेन उरागेन
गौलासिंग राजाकेन कानिके हाँ रे
साना नी सानी नी ऊरागा टड़ई
बिक्खिला भावड़ी डिज मुंडा के हाँ रे
साना नी सानी नी ऊरागा टड़ई
बिक्खिला भावड़ी डिज मुंडा के हाँ रे
साना नी सानी नी ऊरागा टड़ई
बिक्खिला भावड़ी डिज मुंडा के हाँ रे
उरागेन ओलेन गोलासिंग राजा
साना सानीकेन मांडी लाजेन हाँ रे
उरागेन ओलेन गोलासिंग राजा
साना सानीकेन मांडी लाजेन हाँ रे
उरागेन ओलेन गोलासिंग राजा
साना सानीकेन मांडी लाजेन हाँ रे
ईनी टड़ई केन आलेननी ईलेजे
आफिजकेन इंज पलाव कुवा हाँ रे
ईनी टड़ई केन आलेन नी ईलेजे

आफिजकेन इंज पलाव कुवा हाँ रे
ईनी टड़ई केन आलेन नी ईलेजे
आफिजकेन इंज पलाव कुवा हाँ रे
साना नी सानी ईखेनेज मेटेन
गौलासिंग मारोनी केन सालेनेज हाँ रे
साना नी सानी ईखेनेज मेटेन
गौलासिंग मारोनी केन सालेनेज हाँ रे
साना नी सानी ईखेनेज मेटेन
गौलासिंग मारोनी केन सालेनेज हाँ रे
रेवा नी मालन मांडी नी लाजेन
चोफारटेन रांडोनी बचायेन हाँ रे
रेवा नी मालन मांडी नी लाजेन
चोफारटेन रांडोनी बचायेन हाँ रे
रेवा नी मालन मांडी नी लाजेन
चोफारटेन रांडोनी बचायेन हाँ रे
ऐटा मिया डिन नी मांडी नी लाजेन
बो बाई आलोम गाडा आंगुल वो हाँ रे
ऐटा मिया डिन नी मांडी नी लाजेन
बो बाई आलोम गाडा आंगुल वो हाँ रे
ऐटा मिया डिन नी मांडी नी लाजेन
बो बाई आलोम गाडा आंगुल वो हाँ रे
भाकाव मारोनी त्यारे न नाकाबी
बार किंज का गाडान आंगुल ओलेन हाँ रे
भाकाव मारोनी त्यारे न नाकाबी
बार किंज का गाडान आंगुल ओलेन हाँ रे
भाकाव मारोनी त्यारे न नाकाबी
बार किंज का गाडान आंगुल ओलेन हाँ रे

ओंडा जगान नी ऐटानी रेवा मारोनी
केन डीकि लीकेनेज हाँ रे हाँ रे हाँ रे
ओंडा जगान नी ऐटानी रेवा मारोनी
केन डीकि लीकेनेज हाँ रे हाँ रे हाँ रे
ओंडा जगान नी ऐटानी रेवा मारोनी
केन डीकि लीकेनेज हाँ रे हाँ रे हाँ रे
बारा बोर राटोन हैजकेन परि
आंगुल रानी मारोनी मांडी लाजेन हाँ रे
बारा बोर राटोन हैजकेन परि
आंगुल रानी मारोनी मांडी लाजेन हाँ रे
बारा बोर राटोन हैजकेन परि
आंगुल रानी मारोनी मांडी लाजेन हाँ रे
आपे नागान टीह साबूबा इंजनी
इंजकेन बी सोबोडो बो संगिज हाँ रे
आपे नागान टीह साबूबा इंजनी
इंजकेन बी सोबोडो बो संगिज हाँ रे
आपे नागान टीह साबूबा इंजनी
इंजकेन बी सोबोडो बो संगिज हाँ रे
परिकू साठोन रानी मारोनी
गाडाटालाटेन ओडजेन हाँ रे हाँ रे
परिकू साठोन रानी मारोनी
गाडा टालाटेन ओडजेन हाँ रे हाँ रे
परिकू साठोन रानी मारोनी
गाडा टालाटेन ओडजेन हाँ रे हाँ रे
ढोला नी कुँवरा शिकारी नी ओलेन
डोंगोरेन का डीयेन गोमेज नामूरेन हाँ रे
ढोला नी कुँवरा शिकारी नी ओलेन

डोंगोरेन का डीयेन गोमेज नामूरेन हाँ रे
ढोला नी कुँवरा शिकारी नी ओलेन
डोंगोरेन का डीयेन गोमेज नामूरेन हाँ रे
होड़ानी ईटान गिटीयेन ढोला डी
सीयेन कचवा कचवी मांडी लाकेन हाँ रे
होड़ानी ईटान गिटीयेन ढोला डी
सीयेन कचवा कचवी मांडी लाकेन हाँ रे
होड़ानी ईटान गिटीयेन ढोला डी
सीयेन कचवा कचवी मांडी लाकेन हाँ रे
सिया ईटान गिटीजा मिनजा नी
जाफाय केन गाडान ढीकली केन हाँ रे
सिया ईटान गिटीजा मिनजा नी
जाफाय केन गाडान ढीकली केन हाँ रे
सिया ईटान गिटीजा मिनजा नी
जाफाय केन गाडान ढीकली केन हाँ रे
जब्बी ढीयेनी पाटा का बाने
ढेटो मान डो कोरो भोला जा हाँ रे
जब्बी ढीयेनी पाटा का बाने
ढेटो मान डो कोरो भोला जा हाँ रे
जब्बी ढीयेनी पाटा का बाने
ढेटो मान डो कोरो भोला जा हाँ रे
गाडा न डिकली केनेज ढीया नी
जूमू रानी मारोनी ढोला सानी हाँ रे
गाडा न डिकली केनेज ढीया नी
जूमू रानी मारोनी ढोला सानी हाँ रे
गाडा न डिकली केनेज ढीया नी
जूमू रानी मारोनी ढोला सानी हाँ रे

नाका डिज रोजो बार बोर राटो
परिकू साटोन आंगुल हाजेवा हाँ रे
नाका डिज रोजो बार बोर राटो
परिकू साटोन आंगुल हाजेवा हाँ रे
नाका डिज रोजो बार बोर राटो
परिकू साटोन आंगुल हाजेवा हाँ रे
ईनी नी मांडी आजोमजे
ढोला डीका लाका जकाटा केन हाँ रे
ईनी नी मांडी आजोमजे
ढोला डीका लाका जकाटा केन हाँ रे
ईनी नी मांडी आजोमजे
ढोला डीका लाका जकाटा केन हाँ रे
बारा बोर राटोन रानी मारोनी
परिकू साटोन आंगुल हैयेन हाँ रे
बारा बोर राटोन रानी मारोनी
परिकू साटोन आंगुल हैयेन हाँ रे
बारा बोर राटोन रानी मारोनी
परिकू साटोन आंगुल हैयेन हाँ रे
डिकू टाला टेन उठायेनेज ढोला
हैजा नी ऊरागेन डो सालेनेज हाँ रे
डिकू टाला टेन उठायेनेज ढोला
हैजा नी ऊरागेन डो सालेनेज हाँ रे
डिकू टाला टेन उठायेनेज ढोला
हैजा नी ऊरागेन डो सालेनेज हाँ रे
रेवा नी मालेना लूतूर डो मूनी
गंडाके ढो परदी केनेज हाँ रे
रेवा नी मालेना लूतूर डो मूनी

गंडाके ढो परदी केनेज हाँ रे
रेवा नी मालेना लूतूर डो मूनी
गंडाके ढो परदी केनेज हाँ रे
मेना नी टालान बीचारेन
ढोला मारोनी मंाडी इयां आजोमे हाँ रे
मेना नी टालान बीचारेन
ढोला मारोनी मंाडी इयां आजोमे हाँ रे
मेना नी टालान बीचारेन
ढोला मारोनी मंाडी इयां आजोमे हाँ रे
इयांनी आयोम बा कानू लाकेन
डीकूकेन बो ढोलेकूबा हाँ रे
इयांनी आयोम बा कानू लाकेन
डीकूकेन बो ढोलेकूबा हाँ रे
इयांनी आयोम बा कानू लाकेन
डीकूकेन बो ढोलेकूबा हाँ रे
ढोला मारोनी तीआरेन मेटेन
ढोला नी गांवेन डो ओलेन हाँ रे
ढोला मारोनी तीआरेन मेटेन
ढोला नी गांवेन डो ओलेन हाँ रे
ढोला मारोनी तीआरेन मेटेन
ढोला नी गांवेन डो ओलेन हाँ रे
ऊरान ओलेन डो आन्टे बाटे नी
नागांन सावजेन ढोला मारोनी हाँ रे
ऊरान ओलेन डो आन्टे बाटे नी
नागांन सावजेन ढोला मारोनी हाँ रे
ऊरान ओलेन डो आन्टे बाटे नी
नागांन सावजेन ढोला मारोनी हाँ रे

भावानुवाद

भौसिंग राजा और **भौतारी रानी** का नाम देश भर में प्रसिद्ध था । भगवान ब्रह्मा ने उनकी किस्मत में ऐसा लेख लिखा और भगवान सूर्य नारायण और चन्द्रमा की भी ऐसी मेहरबानी हुई कि एक दिन-दो दिन-तीन दिन-चार दिन ऐसे दिन पर दिन बीतते गए । भौसिंग राजा ने एक दिन अपने मन में विचार किया और बोला- बेलदार काका मुझे तुमसे एक काम आ पड़ा है। बेलदार काका ने कहा- बोलो बेटा भौसिंग, भला मुझसे क्या काम पड़ गया? भौसिंग राजा बोला कि तुम मुझे नौ मंजिल का एक मकान बनाकर दो जिसमें घर के भीतर तेल-पानी-अनाज के भंडारण की भी अच्छी व्यवस्था हो। इस घर के भीतर सुआ पंखी घोड़ों की घुड़साल भी बना देना। मेरे इस घर के भीतर कुँआ बावड़ी भी होना चाहिए और घर के आसपास चारों तरफ बाग-बगीचा, फल-फूल भी लगा देना। अब बेलदार काका ने भौसिंग राजा के ये सारे काम कर दिए । कुछ दिनों के बाद भौतारी रानी ने एक सुन्दर बालक को जन्म दिया । इस बालक का नाम **नेली राजा** रखा गया। नेली राजा के जन्म के कुछ समय पश्चात् राजा भौसिंग और रानी भौतारी दोनों मर गये । राजा भौसिंग और रानी भौतारी दोनों के मरने के बाद **चम्पा दीवान** ने सारा कारोबार संभाला। चम्पा दीवान ने कुतिया और बिल्ली

के दूध से लालन-पालन कर बड़ी मुश्किल से नेली राजा को बड़ा किया। धीरे-धीरे नेली राजा बारह बरस का हुआ। दिन पर दिन वह बड़ा होता रहा। तब एक दिन चम्पा दीवान से नेली राजा बोला- भैया आज मेरी एक बात सुनो। गई रात किसी ने मुझे नींद से जगा दिया। बताओ भैया वह कौन है? चम्पा दीवान नेली राजा से बोले- बेटा नेली राजा इस महल के भीतर सुआ पंखी घोड़ा है उसने तुझे जगाया है। तब नेली राजा ने अपने मन में विचार किया और अपने पिता भौसिंग राजा का सुमरन किया। इसके बाद उसने अपनी माता भौतारी रानी का सुमरन किया। इसके बाद अपने दायें पैर की एक ठोकर दरवाजे पर मारी। ठोकर लगते ही सातों दरवाजे एक साथ खुल गये । दरवाजे खुलते ही सुआ पंखी घोड़ा हिनहिना उठा । घोड़े को देखते ही नेली राजा थर-थर काँपने लगा । नेली राजा को थर-थर काँपतें देख सुआ पंखी घोड़ा बोला- नेली राजा मेरी बात सुनो, मैं बहुत दिनों से यहाँ कैद हूँ। तुम मुझे यहाँ से निकालो और मेरी सवारी करो। मेरे ऊपर बैठकर बाहर हवा में चलो। हम बाहर हवा खायेंगे और घूमेंगे। तुम बत्तीस रंग का हार पहनकर सोलह सिंगार कर लेना। नेली राजा से घोड़ा बोला। अब रेशम की पगड़ी बाँधकर सजधज कर नेली राजा घोड़े पर बैठ गया और जैसे ही उसने सोने की लगाम खींची इतने में घोड़ा आसमान में उड़ने लगा। आसमान में उड़ते-उड़ते घोड़ा नेली राजा सहित दक्षिण दिशा की ओर चल पड़ा। चलते-चलते नेली राजा **मसदई** राजा के द्वार पर पहुँच गया। वहाँ पहुँचकर वह बोला- बहन मुझे बहुत प्यास लगी है एक लोटा पानी पिला दो। नेली राजा की बात सुनते ही **दमन्ती रानी** ने एक लोटा पानी भरकर दे दिया। पानी पीने के बाद उस खाली लोटे में नेली राजा ने सोने की एक अँगूठी डाल दी। इसके बाद वहाँ से नेली राजा चला और अपने घर आ गया। पानी के लोटे में रखी अँगूठी देख अपने मन में रानी दमन्ती विचार करने लगी। वह घोड़े की घुड़साल में गई और वहाँ जाकर चुपचाप सो गई। इधर मसदई राजा अपनी बेटी दमन्ती को ढूँढने लगा। वह कहीं मिल नहीं रही थी। अब मसदई राजा ने लड़की की तलाश करने के लिए दूतों को भेजा। इस काम

के लिए उसको चार दूती डोकरियाँ मिल गई। मसदई राजा ने दूती डोकरियों से पूछा- तुम लोग क्या-क्या काम कर सकती हो? तो एक दूती डोकरी बोली- मैं डाल-डाल घूमती हूँ। दूसरी दूती डोकरी बोली- मैं पत्ते-पत्ते पर फिर आती हूँ। तीसरी दूती डोकरी बोली- मैं तो बादल तक छेद कर आ जाती हूँ और चौथी डोकरी बोली- मैं उस छेद किये हुए बादल को भी सिल कर आ सकती हूँ। इस चौथी डोकरी से राजा मसदई बोला- बताओ मेरी बेटी दमन्ती कहाँ गायब हो गई है? उसे ढूंढ कर लाओ। डोकरी रानी दमन्ती को खोजती-खोजती घुड़साल में पहुँच गई। और रानी दमन्ती से बोली -मेरी बेटी, तुम भला इस घुड़साल में क्यों सोई हो ? अगर किसी ने तुम्हारी तरफ आँख उठाकर भी देखा हो तो बताओ। हम उसकी आँख निकाल लेंगे। अगर तुम्हारी ओर किसी ने अँगुली भी उठाई हो तो हम उसकी अँगुली तुड़वा देंगे। अब रानी दमन्ती बोली - मेरी बात सुनो डोकरी माँ, जो व्यक्ति लोटे में सोने की अँगूठी डाल गया मैं उससे शादी करुँगी वरना मैं मर जाऊँगी। दमन्ती की यह प्रतिज्ञा सुनकर दूत डोकरी ने राजा मसदई को जाकर सब बात बता दी। यह सुनकर मसदई राजा ने चीटी अँगुली काटकर कोरे कागज में समाचार रानी दमन्ती को भेज दिया। उसने चिट्ठी लिख कर कौए के गले में बाँध दी। कौआ उसी घड़ी उड़ चला और नेली राजा के द्वार पर जाकर बैठ गया। कौए के गले में बंधी चिट्ठी पढ़कर नेली राजा विवाह की तैयारी करने लगा। उसने अपने विवाह का निमंत्रण पत्थर, झाड़, पेड़ सहित सभी कुटुम्ब परिवार में भेज दिया। फिर सोलह सिंगार कर नेली राजा दूल्हा बना और घोड़े पर बैठकर विवाह करने चल दिया। चलते-चलते वह मसदई राजा के द्वार पर पहुँच गया। मसदई राजा ने बारातियों के लिए चार बोरे चावल का भोजन बनवाया। मसदई राजा के दामाद बन रहे नेली राजा ने कहा- इतना चावल मेरे बारातियों के लिए पर्याप्त नहीं होगा। उनकी यह बात सुनकर आधे बाराती वापस लौट गये। फिर भी लोकाचार को देखते हुए सात फेरे लेकर नेली और दमन्ती का विवाह हो गया। नेली राजा और उनकी रानी दमन्ती घोड़े पर सवार होकर

अपने घर की तरफ चल पड़े। चलते-चलते दोनों अपने घर आ गये । दोनों साथ रहने लगे ।

एक दिन नेली राजा ने अपने मन में सोचा और सोलह सिंगार कर **गढ़ पिंगला** बाजार में जा पहुँचा। उसी वक्त उधर से राजा पिंगला भी बाजार में आ पहुँचा। अब दोनों की आपस में मुलाकात हुई। तो दोनों ने सोचा हमको आपस में रिश्तेदारी करना चाहिए। नेली राजा और पिंगला राजा ने आपस में तय किया, हम आज से समधी हुए। यदि तुम्हारे यहाँ लड़की और मेरे यहाँ लड़का जन्म लेता है तो हम उनका विवाह कर देंगे। इस खुशी में सब बाजार वालों को आज ही हम पंगत जिमा देते हैं। बाजार में नेली राजा पिंगला राजा से यह बात कहकर वापस अपने घर लौट आये। थोड़े दिनों के बाद ही नेली राजा की पत्नी रानी दमन्ती ने गर्भ धारण किया। नौ महीने और नौ दिन में **राजपूत रेंगड़ा** नामक लड़के का जन्म हुआ। भगवान की कुछ ऐसी होनी हुई कि उसी दिन पिंगला देश में भी **मारोनी रानी** ने जन्म लिया। भगवान की मेहरबानी से उसी दिन **हीरामन तोते** का भी जन्म हुआ। भगवान की कुछ ऐसी मेहरबानी रही कि इसी दिन शौकिन **करिया घोड़े** ने भी जन्म लिया। यह तो उन सभी के योग थे जो एक ही दिन **बगुला** सहित सबने जन्म लिया। भगवान की मेहरबानी के कारण ही सबने एक दिन जन्म लिया। अब क्या हुआ कि एक दिन **दुबलिया ब्राह्मण** भिक्षा मांगते हुए आ रहा था। उधर दूसरी तरफ से **शुकनी शनिचर** दुबलिया जैसी सूरत बनाकर आ रहा था। दोनों रास्ते में लड़ने लगे। दुबलिया को भिक्षा में जो सवा पाई आटा मिला था, शनिचर ने उससे वह छुड़ा लिया। दूसरे दिन दुबलिया फिर नेली राजा के घर भिक्षा मांगने गया। नेली राजा ने दुबलिया ब्राह्मण को भिक्षा में सौ रुपये दिये। भिक्षा के पैसे लेकर जब दुबलिया ब्राह्मण अपने घर आ रहा था, तब रास्ते में उसे फिर शनिचर मिल गया और उसने दुबलिया ब्राह्मण से पैसे छुड़ा लिए। अब तीसरे दिन दुबलिया ब्राह्मण फिर भिक्षा मांगने गया, आज फिर नेली राजा ने दुबलिया को नौ लखा हार भेंट कर दिया और साथ में सुरक्षा के लिए दो सिपाही भी दे दिए। उधर शनिचर ने

भी खूब करामात की। उसने भी दो सिपाही और एक ब्राह्मण का रुप रख लिया। और दुबलिया से नौलखा हार छुड़ा लिया। अब नेली राजा शनि को पहचान गया। उसने शनि से कहा कि तुम इस गरीब ब्राह्मण के पीछे क्यों पड़े हो? तुम्हे जो कुछ चाहिए तुम मुझसे लो। तुम मेरे घर चलो। जो खाना पीना हो वह करो। और इस दुबलिया का पीछा छोड़ दो। शनि नेली राजा के घर रहने लगा।

शनि के नेली राजा के घर आते ही कुछ दिनों के पश्चात् नेली राजा का नौलख पशु धन मर गया। कुछ ही दिनों के बाद नेली राजा के घर से अन्न पानी सब समाप्त हो गया। थोड़े ही दिनों में नेली राजा बिल्कुल कंगाल हो गया। एक दिन नेली राजा की पत्नी **दमन्ती** रानी कहने लगी- कि अब हम तुम अपने बेटे सहित गाँव को छोड़ दक्षिण दिशा की ओर चलें। क्योंकि अब अपने घर में खाने-पीने, जीवन-यापन के लिए कुछ नहीं बचा है।

वे अपना घर बार छोड़कर **दक्षिण दिशा क**ी ओर जाकर एक शहर में रहने लगे। नेली राजा से रानी दमन्ती बोली की अब एक नौकरानी रख लो। एक दिन नौकरानी और रानी दमन्ती चिरोटिया की भाजी तोड़कर लाई। फिर एक दिन क्या हुआ कि **ढोला कुँवर** अपनी माँ रानी दमन्ती से बोला - माँ मुझे एक छोटा सा तंगिया बनवा दो । बेटे की बात सुन रानी दमन्ती लुहार की दुकान पर गई, और एक छोटी सी कुल्हाड़ी बनवा लाई । दूसरे ही दिन छोटा सा ढोला कुँवर अपना तंगिया लेकर घर से बाहर निकल पड़ा। ढोला कुँवर बस इधर-उधर घूमने लगा। कभी लकड़ी काटना, तो कभी पत्थर ही काटने लगना। साथ में एक दिन नौकरानी और रानी दमन्ती चिरोटिया की भाजी तोड़ने गई। **पूरखेड़ा** के जंगल में भाजी तोड़ते वक्त नौकरानी के पेट में दर्द होने लगा। वह ढोला कुँवर से बोली- भैया पता नहीं किस कारण से मेरे पेट में दर्द हो रहा है। तब ढोला कुँवर ने अपने माता-पिता और छत्तीस देवताओं का सुमिरन किया। फिर उसने **बावन खेड़ों के** दैत्य भूत प्रेतों से पूछ-पूछ कर सबको बाँध लिया। और मटके में भर कर नौ मानी की सिल्ला उसके ऊपर रख दी। अब नौकरानी का पेट दुखना बंद हो गया। वह बावन

खेड़ा से चिरोटिया की भाजी लाई और कहा– माँ इसे बना दो। माँ रानी दमन्ती ने अपने बेटे ढोला कुँवर को गोदी में बैठा लिया और भाजी बनाने लगी। वह भाजी बनाती तो रही पर उसके पीछे तो शनि लगा था, इस कारण चिरोटिया की भाजी चुड़ती नहीं है अब बेटा अपनी माँ से कहता है कि माँ अब मैं पिंगला बाजार जाऊँगा तब माँ ने ढोला कुँवर को पाँच रुपये दिये और कहा कि एक पाई चावल और पाव–एक दाल लेते आना। किन्तु ढोला कुँवर ने बाजार जाकर तीन रुपये में एक तोता खरीद लिया और बचे हुए दो रुपये का एक पिंजरा लेकर वापस घर आ गया। जब रानी दमन्ती ने देखा तो सिर पीट लिया और कुढ़कर बोली– तुम्हारा भला हो भैया ढोला कुँवर। तुम चावल और दाल तो नहीं लाये ये पिंजरा और तोता उठा लाये। अब क्या हुआ कि एक दिन पिंगला राजा ने नेली राजा को एक पत्र लिखा जिसमें लिखा कि हमने जो समधी बनने का वादा किया था, उसे पूरा करने का समय आ गया है। और पत्र को कौए के गले में बाँध दिया। कौआ उड़कर नेली राजा के घर पहुँच गया। नेली राजा ने कौए के गले से बंधी चिट्ठी देखी। अब नेली राजा तो कंगाल हो चुका था, पिंगला राजा से हुआ करार कहाँ से पूरा करता? उसको घर छोड़कर भागना पड़ा। जाते–जाते उसे याद आया कि उसका एक रुपया सुतार के ऊपर उधार है उसने उस पैसे के बदले सुतार से एक ढोलक बनवा लिया। नेली राजा ने ढोला कुँवर को ढोलक के भीतर रख लिया, और तीनों घर के भीतर से निकल पड़े। और भटकते–भटकते अचानक पिंगला शहर में पिंगला राजा और नेली राजा का आमना–सामना हो गया। नेली राजा तो अपने पीछे शनि लगे होने के कारण कंगाल हो ही चुका था। अपनी इसी कंगाली के कारण वह छुप–छुप कर रह रहा था। पिंगला राजा ने पूछा– भैया ढोलक वाले तुम कौन से गाँव के रहने वाले हो? तुम दोनों का क्या नाम है? नेली राजा बोला– भाई मेरा नाम तो नेली राजा है। और मेरे साथ जो स्त्री है उसका नाम दमन्ती रानी है। जब वे वहाँ से चलने लगे तो सामने एक भरी हुई नदी आई। नेली राजा एक पत्थर से ठोकर लगने के कारण गिर पड़ा। और ढोलक फूट गई। इस

कारण ढोला कुँवर नदी में बहने लगा। नेली राजा ने जल्दी–जल्दी किसी तरह ढोला कुँवर को पकड़ लिया। उन्होंने बड़ी मुश्किल से किसी तरह नदी पार की। नदी के पार जाकर वे नदी में मछली मारने वालों को देखने लगे। और ढीमर से बोला– भैया हूँ तो राजा पर तुमसे थोड़ी सी मछली की भीख माँग रहा हूँ। नेली राजा के इतना कहते ही ढीमर के जाल में मछली का आना बंद हो गया। क्योंकि नेली राजा के पीछे शनि लगा हुआ था। यह सब शनि का प्रकोप था। बड़ी मुश्किल से ढीमर ने किसी तरह तीन लोगों के हिसाब से तीन मछली उन्हें दी। नेली राजा अपनी रानी दमन्ती से बोला कि तुम मछली बनाकर रखना। उधर कहीं से शादी के ढोल बजने की आवाज आ रही है। मैं वहाँ से चावल–भात माँगकर लाता हूँ। राजा शादी वाली जगह पहुँचा और वहाँ से रोटी चावल माँग लिया । जब वह पंगत का भोजन लेकर आ रहा था, एक बाज ऊपर से उड़ता हुआ आया और उसने एक झपट्टा मारा। नेली राजा के हाथ में रखा सारा भोजन बिखर गया। बस चावल का एक दाना नेली राजा की मूँछ पर अटक गया। नेली राजा दुखी मन से अपनी रानी दमन्ती के पास लौटा और सारी दास्तान सुना दी। नेली राजा की पत्नी को विश्वास नहीं हुआ। वह बोली– तुम झूठ बोल रहे हो। तुमने अकेले भात खा लिया। तुम्हारी मूँछ पर चावल का दाना लगा है। व्यथित होकर वह कुछ सोचने लगी फिर बोली– इधर भी तुम्हारे जाते ही हांडी में रखी मछली जीवित हो गई। और वे नदी में कूद गई हैं। भूख से व्याकुल नेली राजा का परिवार वहाँ से आगे बढ़ा। चलते–चलते वे एक गाँव में पहुँचे। जहाँ एक तेली किसान बहुत धनवान था। वे उसके पास पहुँचे और बोले– हमें बस रोटी कपड़ा चाहिए। हम तुम्हारे यहाँ काम करेंगे। एक दिन तेली किसान **कुम्पानी रानी** के यहाँ चौपड़ खेलने गया। तेली का घाना गेरते हुए नेली राजा अपने पीछे पड़े शनि से बोला कि अब तो तुम मेरा पीछा छोड़ दो? और इस घाने में बैठ जाओ। शनि महाराज ने नेली की बात मान ली। बस उसी दिन से तेली दाजी दिन पर दिन कंगाल होता गया। तब नेली राजा ने तेली दाजी से पूछा– तेली दाजी तुम दिन पर दिन कंगाल क्यों होते

जा रहे हो? तब तेली दाजी नेली राजा से बोला– भैया मैं चौपड़ खेलने जाता हूँ। इसी में मैं रोज बाजी हारते जा रहा हूँ। अब नेली राजा बोला– एक दिन मुझे भी चौपड़ खेलने ले चलो। मैं भी तो देखूँ जरा कि चार पासे कैसे फेंकते हैं। एक दिन साथ में चूहा लेकर नेली राजा चौपड़ खेलने पहुँचा। चूहा लेकर इसलिए क्योंकि चौपड़ में यह शर्त थी कि बिल्ली के ऊपर एक दिया जलता रहेगा। वह दिया अचानक बुझना चाहिए। जिस बाजी में दिया बुझ जायेगा, कुम्पानी रानी उसी की होगी। अब कुम्पानी रानी के यहाँ चौपड़ बिछायी गई और नेली राजा चौपड़ खेलने लगा। अचानक नेली राजा ने अपना चूहा छोड़ दिया। बिल्ली ने चूहा देखा और छलांग लगा दी। बिल्ली के ऊपर रखा दिया बुझ गया। अब अंधेरे में अपने पासे सही कर नेली राजा ने कुम्पानी रानी को जीत लिया। अब कुम्पानी रानी की अपार धन दौलत सहित नेली राजा अपने परिवार को साथ लेकर वापस अपने गाँव लौट आया। अपने देश में कुम्पानी रानी को लाकर नेली राजा ने सबसे पहले उसके नाक कान काटे और उसको भगा दिया।

कुछ दिनों बाद ढोला कुँवर अपनी माँ रानी दमन्ती से बोला कि माँ मुझे तीर कमान बनवा दो। अब रानी दमन्ती ने बेटे की यह इच्छा पूरी कर दी। रानी दमन्ती ने बेटे से कहा– बेटा सब तरफ जाना पर दक्षिण दिशा में मत जाना। ढोला कुँवर हिरणी और चीतल का शिकार करते हुए एक दिन घने जंगल में चला गया। प्यास लगी तो एक कुँए की पाट पर बैठकर सुस्ताने लगा। इतने में कुछ पनिहारिन पानी भरने आई । वे पानी भरकर जाने लगी। इतने में ढोला कुँवर ने तीर से सबकी मटकी फोड़ दी। और वह हँसने लगा। इससे लोगों को पानी का संकट खड़ा हो गया। लोग प्यास से परेशान होने लगे। कुछ लोगों ने विचार किया कि इस बात की शिकायत राजा से करना चाहिए कि आपका पुत्र हम लोगों की मटकी फोड़ देता है। लोग राजा के पास गये और उसको बताया कि रोज आपका लड़का हमारी स्त्रियों की मटकी फोड़ देता है। राजा ने सबकी बात ध्यान से सुनी और आदेश दिया कि सबको पीतल के बर्तन दे दिये जायें।

दूसरे दिन सभी पनिहारिन पीतल के घड़े लेकर पानी भरने गई। अब ढोला कुँवर पीतल के बर्तनों में तीर मारने लगा। लेकिन बर्तन नहीं फूटे। ढोला कुँवर इससे बहुत शर्मिन्दा हुआ और अपने घर आ गया। उसने अपनी माँ से पूछा– माँ तुमने यह क्यों कहा था कि सब दिशाओं में जाना पर दक्षिण दिशा में मत जाना? मुझे जल्दी बताओ वरना मैं तुम्हें तीर मार दूँगा। तब माँ बोली– बेटा तुझे नौ महीने पेट में रखा। और बारह महीने दूध पिलाया। बड़ी मुश्किल से तुझे बड़ा किया। और अब तू मुझे मारना चाहता है, तो मार दे। खैर मैं तुझे कारण तो बता ही देती हूँ। दक्षिण दिशा में **धम्मा मालन** की लड़की **रेवा मालन** रहती है। वह बहुत जादू टोना जानती है। इसलिए तुम्हें उधर जाने से मना किया और आगे भी मना कर रही हूँ। लेकिन ढोला कुँवर ने माँ की एक नहीं सुनी और धोती पगड़ी पहन कर, माँ–बाप और **छतीस देवताओं** को सुमरन कर वह दक्षिण दिशा की ओर चल पड़ा।

आगे चलने पर एक धान कूटने वाली स्त्री मिली। ढोला कुँवर ने उससे पूछा कि तुम यह किसका धान कूट रही हो? मुझे सही–सही बता दो। वह स्त्री बोली– मैं धम्मा मालन की बेटी जिसका नाम रेवा मालन है उसका धान कूट रही हूँ। ढोला कुँवर वहाँ से आगे बढ़ा और चम्पा नाम के बगीचे में रुककर वहाँ का रुप सौन्दर्य निहारने लगा। वह बागुड़ के भीतर घुस गया और देखने लगा। वह यह देखकर आश्चर्यचकित रह गया कि मोट बिना बैलों के चल रही थी । अब ढोला ने माँ–बाप का स्मरण कर एक तीर खंभे पर मारा और उसके दो टुकड़े कर दिए। उसी घड़ी रेवा मालन ने उसको देख लिया और वह वहाँ आ गई। उसने अपने हाथ की चूड़ी निकाली और खंभे पर घिसने लगी। खंभा वापस जुड़ गया। और **मोट** फिर चलने लगी। अब ढोला कुँवर ने पुनः एक बाण मारा और मोट की रस्सी काट दी। और उसी तीर से रेवा मालन के हाथ की चूड़ी भी फोड़ डाली। रेवा मालन की चूड़ियाँ अभिमंत्रित थी। रेवा मालन अपनी चूड़ी के टुकड़े बीन रही थी और ढोला वहाँ पहुँच गया । ढोला कुँवर ने रेवा मालन का हाथ

पकड़ लिया। रेवा मालन हँसने लगी और ढोला से बोली –अच्छा अब हम तुम चम्पा बाग को देखने चलते हैं। ढोला ने बात मान ली। आगे–आगे ढोला और पीछे–पीछे रेवा मालन जा रही थी। थोड़ी दूर चलने के बाद रेवा मालन पीछे के पीछे चुपचाप चम्पा के फूल में छिप गई। अब पीछे मुड़कर जब ढोला कुँवर ने देखा तो रेवा मालन कहीं नहीं दिखी। ढोला ने इधर–उधर सब दूर देखा पर रेवा मालन कहीं नहीं दिखी। थककर ढोला कुँवर कुँए के किनारे जाकर बैठ गया। उस कुँए के पास ही एक नीबू का पेड़ था । नीबू का यह पेड़ आधा हरा और आधा सूखा था । ढोला कुँवर नीबू से बोला – नीबू तुम क्यों सूख रही हो? क्या तुम्हें पानी नहीं मिल रहा है? ढोला की बात सुन नीबू बोली– भैया एक बात कहूँ तुम रेवा मालन का पीछा छोड़ दो। यह रेवा मालन बड़ी जादूगरनी है। यदि वह उड़ती चिड़िया को भी गुस्से से देख ले तो वह मर जाती है। और ढोला भैया मेरे सूखने का कारण यह है कि यहाँ रेवा मालन ने स्नान किया था। फिर अपने बाल सुखाये । बाल सुखाने से जो पानी के छींटे पड़े उस कारण मैं आधा सूख गई हूँ। ढोला बोला– नीबू बहन– मैं तुम्हें हरा भरा कर सकता हूँ बस तुम मुझे रेवा मालन का पता बता दो। ***यह कहते हुए ढोला कुँवर ने अपना अंगोछा नीबू को दिया और बोला– इसे ओढ़ लो। आज के बाद तुम कभी नहीं सूखोगी। और आज से तुम कोरकू लोगों के देवताओं के काम आओगी। आज से दुनिया में तुम्हारा नाम चलेगा।*** नीबू डर के मारे थर–थर काँपने लगी। और कंपकपाते हुए उसने बताया कि रेवा मालन चम्पा के फूल में छुपी बैठी है। बस ढोला कुँवर ने उसी चम्पा के फूल पर तीर का निशाना लगाया। इतने में रेवा मालन फूल से बाहर आ गई। और अपने मन में सोचने लगी। उसने छत्तीस देवताओं और देवी भवानी को सुमरन किया। उसी वक्त आँधी चलने लगी और खूब बरसात होने लगी। ढोला कुँवर आम के पेड़ के नीचे जाकर बैठ गया। हवा और तूफान का फायदा उठाकर रेवा मालन ढोला कुँवर को छोड़कर भाग गई। ढोला कुँवर ने रेवा मालन को खोजा, पर वह कहीं नहीं दिखी। ढोला कुँवर को चिड़ा–चिड़ी का एक जोड़ा नजर आया। चिड़िया

कहने लगी– ढोला भैया रेवा मालन तो हवा में उड़ गई। तुमने तो हाथ में आई तिरिया को खो दिया। अब ढोला घूमते हुए पिंगला बाजार आ गया। पिंगला बाजार में वह दर्जी काका के पास गया और बोला– दर्जी काका मुझे पतंग बनाकर दो। ढोला कुँवर ने वहाँ से पतंग बनवाई और फिर कसेरे की दूकान पर आ गया। और बोला– कसेरा काका इस पतंग में छोटे–छोटे घुंघरु लगा दो। कसेरे ने घुँघरु लगाने के पाँच रुपये लिए। ढोला कुँवर उस पतंग को आसमान में उड़ाने लगा। पतंग में लगे घुँघरु अत्यंत मधुर ध्वनि के कारण सुहावने लग रहे थे । पतंग सूरज के सामने छाया बनकर उड़ रही थी। रेवा मालन घर में बैठी घुँघरु की आवाज सुनकर मोहित हो रही थी। वह मन ही मन सोच रही थी कि आज ऐसा क्या हुआ, जो सूरज बादलों में छिप गया है? यह बादल कहाँ से आया है? यह घुँघरु की आवाज कहाँ से आ रही है? यह देखने के लिए रेवा मालन घर से बाहर निकली। घुँघरु की आवाज की दिशा की ओर रेवा मालन ने चलना शुरु किया। उधर से पतंग उड़ाते हुए ढोला कुँवर आ रहा था। दोनों धीरे–धीरे एक दूसरे की तरफ बढ़ रहे थे। आखिर एक जगह आकर दोनों मिल गये। रेवा मालन ढोला कुँवर को अपने घर ले गई और बोली– यदि एक ही रात में तुम मुझे चम्पा बाग में महल बनवा दो तो मैं तुम्हारी हो जाऊँगी । रेवा मालन की बात सुनकर ढोला कुँवर चम्पा बाग में आ गया और अपने पिता नेली राजा और माता रानी दमन्ती और छत्तीस देवताओं को सुमिरन कर एक ही रात में नौ मंजिल का महल तैयार करवा दिया। अब रेवा मालन और ढोला कुँवर दोनों प्रेम पूर्वक साथ रहने लगे।

हीरामन तोता रेवा मालन के घर पर ही पला बढ़ा था। रेवा मालन उस तोते को दाना देती और अपना मन बहलाती। ढोला कुँवर ने दूर से यह दृश्य देखा और तीर कमान से हीरामन तोते को मार डाला। अब सोलह सिंगार कर रेवा मालन चम्पाबाड़ी में पहुँच गई और कहने लगी– उठो मेरे सायबा जी, मैं तुम्हारे लिए रातों रात आ गई हूँ। इतने में ढोला कुँवर उठ गया और जोर–जोर से हँसने लगा। तब रेवा मालन बोली– अब हम तुमको शादी

कर लेना चाहिए। तब ढोला कुँवर बोला– बरात में कौन यहाँ आयेगा? अब हम दोनों ही आपस में ऐसे ही सात फेरे ले लेते हैं। सात फेरों के बाद दोनों की शादी हो गई। और दोनों मजे से रहने लगे।

लेकिन ढोला की शादी बहुत पहले बचपन में ही तय हो चुकी थी। उसका नाम **रानी मारोनी** था। उसने एक चिट्ठी लिखी और कौए से बोली कि तू रात दिन सोता रहता है। आज जरा मेरी बात सुन। तू दक्षिण दिशा की ओर जा और ढोला कुँवर का पता लगाकर आना। रानी मारोनी ने कौऐ के गले में चिट्ठी बाँध दी और कौआ उड़ चला। जब कौआ उड़ते–उड़ते थक गया तो **धन्नावड़** नामक किसान के ज्वार के एक खेत में रुक गया। अब किसान ने अपने खेत में कौए को बैठा देखा और गोफन से घुमाकर एक पत्थर मारा। कौआ पत्थर लगते ही मर गया। धन्नावड़ किसान ने देखा कि कौए के गले में तो एक चिट्ठी बंधी है। वह घबरा गया। सोचने लगा– पता नहीं किसने भेजा है। उसने कौऐ के गले में बंधी चिट्ठी को खोला और अपने घर आ गया। रास्ते में उसे दुबलिया ब्राह्मण मिला, धन्नावड़ किसान उससे बोला कि यह चिट्ठी जिसकी हो उसे दे देना। आप मेरा यह काम कर दो तो मैं आपको सौ रुपये दूँगा। क्योंकि चिट्ठी ले जाने वाला कौआ मेरे हाथ गलती से मर गया है। अब दुबलिया ब्राह्मण चिट्ठी लेकर चला और चिट्ठी को रास्ते में ही फेंक दिया। इधर रानी मारोनी राह देख रही कि कौआ अभी तक क्यों नहीं लौटा? अब रानी मारोनी ने बगुले के गले में एक चिट्ठी बाँधकर भेजी। बगुला उड़ते हुए दक्षिण दिशा में रेवा मालन के घर पहुँच गया। रेवा मालन ढोला कुँवर से बोली– देखो अपने घर बगुला आया है। इसे मार दो हम इसकी सब्जी बनाकर खायेंगे। अब ढोला कुँवर ने अपना तीर कमान उठाया और एक ही बाण में बगुले को मार गिराया। वह रेवा मालन से बोला– मैंने बगुले को मार दिया है। अब तुम इसकी सब्जी बनाओ, तब तक मैं थोड़ी देर सोऊँगा। और ढोला कुँवर अपनी खटिया बिछाकर सो गया। अब रेवा मालन ने मरा हुआ बगुला उठाया और अपने चौके में आ गई। उसने बगुले के गले में बंधी चिट्ठी निकालकर पढ़ ली। उसने चिट्ठी तो पढ़कर फेंक दी

और बगुले को कचरे के ढेर में दबा दिया। और सोच में पड़ गई, पता नहीं यह कौन त्रिया है जो मेरे प्रियतम को पत्र भेज रही है? अब उसने जादू से बकरे का कलेजा बुला लिया और उसकी सब्जी बनाकर बोली– लो प्रियतम मैंने आपके लिए भोजन बना दिया। लेकिन ढोला कुँवर भी पारखी आदमी था। उसने पहचान लिया और बोला– यह तो तूने बकरे का कलेजा बना दिया। तब रेवा मालन बोली– मेरे प्रियतम, उस बगुले के माँस में कीड़े पड़ गये थे। इस कारण उसको नहीं पकाया। इधर रानी मारोनी की दोनों खबर जब ढोला कुँवर तक नहीं पहुँची तो उसने अपने हीरामन तोते के गले में एक चिट्ठी बाँधी और उसको भेज दिया। हीरामन तोता दक्षिण दिशा की ओर उड़ चला। वह उड़ते–उड़ते चम्पा बाग में जाकर बैठ गया। इतने में ढोला कुँवर रेवा मालन से बोला– चलो आज हम चम्बा बाग में कुँए पर नहायेंगे। तब रेवा मालन बोली– कुँए पर नहाने मत जाओ, मैं यहीं पर पानी गरम कर देती हूँ। लेकिन ढोला कुँवर नहीं माना और चम्पा बाग में नहाने के लिये आ गया। ढोला कुँवर को देखते ही हीरामन तोता बोला– भैया ढोला मेरी एक बात सुन लो। यह कहते हुए उसने सोने की अँगूठी ढोला के कलश में गिरा दी। जिसमें माँ का नाम बाप का नाम ढोला कुँवर का नाम और हीरामन तोते का नाम लिखा था। तोता बोला– भैया ढोला तू तो बिल्कुल भोला है। इस भूतनी रेवा मालन के साथ रह रहा है। पहले तुम्हारी जिससे शादी हुई उसके विषय में तो जरा सोचो? वह तुम्हारे विरह में इतनी व्याकुल है कि उसके पेट का चावल भी दिखता है। ढोला कुँवर बोला– यह बात कौन कह रहा है? मेरे सामने आओ। इतना सुनते ही हीरामन तोता झाड़ से उतरकर ढोला कुँवर के कांधे पर आकर बैठ गया। अब ढोला कुँवर बोला– भैया मैं क्या करुँ? ढोला कुँवर हीरामन तोते को घर ले आया और रेवा मालन से बोला– प्रिया! जरा इस तोते के लिए एक छोटा सा पिंजरा तो बनवा लो। ढोला कुँवर उसी समय बाजार गया और एक पिंजरा बनवा लाया। और रेवा मालन से बोला– अपने पास के तोते को इस पिंजरे में बंद कर दो। अब तोते को पिंजरे में बंद कर वे दोनों प्रेम से रहने लगे।

इधर रानी मारोनी के रुप सौन्दर्य की चर्चा सुनकर **लाखा बंजारा** रानी मारोनी के बाग में आ गया। और एक कुटनी महिला को देखकर बोला– माँ! मेरी एक बात सुनो। आप एक रात में रानी मारोनी को मेरे डेरे पर ला दो। बदले में मैं आपको सौ रुपये दूँगा। वह कुटनी से बार-बार निवेदन करने लगा। कुटनी स्त्री उसी समय लालच में आकर रानी मारोनी को बुलाने चली गई। और बोली– बेटी! तेरे बगीचे में तो देखकर आ, वहाँ सोने का झूला बंधा है। यह सुनकर रानी मारोनी अपने बगीचे में पहुँची तो देखा वहाँ लाखा बंजारा बैठा है। रानी मारोनी बंजारे के पास आकर फँस गई । अब वह सोच में पड़ गई इससे मुक्ति कैसे मिलेगी? उसने सोचा इसको शराब पिला देती हूँ जब इसको नशा चढ़ जायेगा तब भाग जाऊँगी । रानी मारोनी ने लाखा बंजारा को खूब शराब पिला दी और जब वह नशे में डूब गया तब वह भाग गई। अब लाखा बंजारा का जब नशा उतरा और उसने देखा कि रानी मारोनी तो भाग गई है। उसने एक और दूत को खोजने के लिए अपने चाकरों से कहा। चाकर एक दूत ढूँढ लाये। दूत से लाखा बंजारा बोला –कुटनी माँ तुम किसी भी तरह रानी मारोनी को एक बार फिर ला दो। मैं बदले में तुम्हें नौ लखा हार दे दूँगा। कुटनी फिर लालच में आ गई। और रानी मारोनी के पास चली गई। वह रानी मारोनी के घर जाकर बोली– बेटी तेरी बाड़ी में सब सखियाँ झूला बाँधकर झूल रही हैं। झूले और सखियों की बात सच मानकर रानी मारोनी फिर बाग में चली गई। बाड़ी जाने से पहले उसने एक चतुराई की। दो पान बनाकर साथ ले गई। एक पान में भांग डाल दी। अब वह लाखा बंजारा के पास जाकर बैठ गई। थोड़ी देर बाद रानी मारोनी ने बगैर भांग का पान खुद खा लिया और भांग मिला हुआ पान बन्जारा को दे दिया। पान खाने के बाद बात करते-करते बंजारा वहीं गिर गया। अब बन्जारे के पास से उठकर रानी मारोनी अपने घर चली गई। जब बन्जारे को होश आया तो उसने सोचा कि इस रानी मारोनी का पीछा छोड़ना पड़ेगा, वरना किसी दिन बड़ा नुकसान हो जायेगा। यह सोचकर लाखा बन्जारा रानी मारोनी के घर गया और बोलने लगा कि अब मेरी बात सुन लो,

बहन मैं तुम्हारे ससुर के गाँव की तरफ जा रहा हूँ। यदि तुम्हें कोई निशानी देना हो तो दे दो। मैं तुम्हारे ससुर को दे दूँगा। रानी मारोनी ने पेटी में जमाकर अपनी मलमल की साड़ी लाखा बन्जारा के हाथ में रख दी। और कहा कि तू यह पेटी कदापि मत खोलना। यदि तुमने यह पेटी खोली तो तुम जलकर मर जाओगे। लाखा बन्जारा ने हामी भरी और वह वहाँ से चल दिया। अब लाखा बन्जारा नेली राजा के द्वार पर पहुँच गया। लाखा बन्जारा ने पेटी नेली राजा के हाथ में रख दी। नेली राजा ने पेटी खोल कर देखा तो उसमें रखी साड़ी ने चाँद सूरज जैसा उजाला पूरे घर में कर दिया।

इधर हीरामन तोता बोला– भैया तुम तो मुझे पिंजरे में बंद करके भूल ही गये। तभी रेवा मालन ढोला कुँवर से बोली कि अपन इस तोते की शादी कर देंगे। रेवा मालन की बात सुनकर ढोला कुँवर जंगल में गया और वहाँ से एक मैना को पकड़ लाया। अब उसने मैना को तोते के साथ पिंजरे में बंद कर दिया। तोता और मैना दोनों बड़े प्रेम के साथ रहने लगे। एक दिन तोता बोलने लगा कि– ढोला भैया, तुमने मेरी शादी करके बहुत बुरा किया। अब ढोला बोला– तुम्हीं बताओ, अब मैं क्या करुँ? यहाँ से हम कैसे निकलें। तोता बोला कि– तुम पिंगला बाजार जाओ और वहाँ से दो पेट और एक मुँह की मटकी लेकर आओ, उसके एक हिस्से में शराब भर देना और दूसरे हिस्से में पानी भर देना। एक पान भी तुम साथ में बनवा लाना। अब ढोला कुँवर को गिरते-पड़ते आते देख रेवा मालन कहने लगी इतनी शराब क्यों पी ली है? आ जाओ खटिया पर सो जाओ। लेकिन ढोला कुँवर रेवा मालन के पास ही बैठ गया और उसको शराब पिलाने लगा और खुद पानी पीते रहा। नशा चढ़ने पर रेवा मालन ढोला कुँवर की एक अँगुली अपने मुँह में रखकर उसकी गोद में सिर रखकर सो गई। तब हीरामन तोता बोला कि– भैया ढोला कुँवर मुँह में से अँगुली निकाल कर उसके मुँह में पान ठूँस दो। इसके बाद तकिया लाकर सिर के नीचे रख दो। इसके बाद हम तुम यहाँ से भाग चलेंगे। ढोला कुँवर बोला– कि हम तुम कैसे भागेंगे? रेवा मालन बड़ी जादूगरनी है। हीरामन तोता बोला कि अपन चम्पा बाग में बंधे ऊँट पर

बैठकर भाग चलते हैं। लेकिन ऊँट के पैर में अपने जादू से रेवा मालन ने कील ठोंक दी थी। तब हीरामन तोता बोला कि अपन किसी गाँव में चलते हैं और वहाँ से लुहार डोकरे को बुला लाते हैं। अब ढोला कुँवर दौड़ा गाँव की तरफ और दूकान समेत लुहार डोकरे को बुला लाया। और ऊँट के पास ही लुहार की दुकान लगा दी। ऊँट के पाँव की कील निकालने के लिए पास में ही वह एक पाँस गरम करने लगा। उनके पास ही एक गधा चर रहा था। लुहार ने गरम पाँस को उसकी पीठ पर रख दिया। गरम पाँस लगते ही गधा जोर से चिल्लाकर भागा। इससे ऊँट भी चमक कर वहीं पर कूदने लगा। ऐसे में ऊँट की कील बाहर निकल गई। इसके बाद ढोला कुँवर रेवा मालन का घर छोड़कर ऊँट पर बैठकर भाग गया। पर ढोला कुँवर का साथी हीरामन तोता वहीं पिंजरे में छूट गया। अब हीरामन तोता तो मरा हुआ बनकर पिंजरे के भीतर सो गया। जब सुबह ढोला कुँवर रेवा मालन को वहाँ पर नहीं दिखा तो वह इधर-उधर दौड़ी। चारों तरफ उसको खूब ढूँढा। उसने पिंजरे को देखा तो उसे तोता भी मरा हुआ मिला। तब मैना रेवा मालन से बोली कि अब तो तुम भी रांड हो गई और मैं भी रांड हो गई। तेरा ढोला तो भाग गया पर मेरा तोता तो मर गया। यह बात सुन रेवा मालन को क्रोध आ गया और उसने मैना को भी जान से मार डाला। इसके बाद रेवा मालन तोता और मैना को गाँव के बाहर ले गई। और वह उन्हें जलाने के लिए लकड़ी इकट्ठी करने लगी। उसने जैसे ही आग जलाई हीरामन तोता तो उड़ भागा। अब रेवा मालन तोते के पीछे दौड़ने लगी। आखिर रेवा मालन ने तोता और ढोला कुँवर को **आखेट** नदी पर जाकर मिला ही लिया। उसने ऊँट की पूँछ पकड़ ली। तब ढोला कुँवर ने तलवार से ऊँट की पूँछ काट डाली। अब ढोला कुँवर ऊँट को दौड़ाते-दौड़ाते ले जा रहा था। इतने में रास्ते में ढोला कुँवर की साली का गाँव आ गया। साली ने ढोला कुँवर को रोक लिया और पलंग बिछाकर बड़ी आवभगत करने लगी, कहने लगी कि बहुत दिन के बाद आये हो जीजाजी। और जिद करने लगी कि जीजाजी आज तो भोजन करके जाना पड़ेगा। आप थोड़ी देर आराम करो तब तक मैं पूरी बना लेती

हूँ। उसने चूल्हे पर तवा गरम रख दिया और उसके ऊपर भीगी हुई बुहारी लटका दी। पानी की बूँद जब गरम तवे पर गिरती तो झनन-झनन ऐसी आवाज आती मानो पूड़ी तली जा रही हो। उसने बिल्ली के पाँव में घुँघरु बाँध दिये। यह सब वह ढोला को रोकने के बहाने कर रही थी। वह समझ गयी थी कि ढोला भागकर जा रहा है। वह सोच रही थी कि कुछ समय बाद उसकी बहन रेवा मालन इन्हें मिला ही लेगी। इतने में हीरामन तोता ढोला कुँवर से बोला कि भैया तुम्हारी साली तो हमें मूरख बना रही है। वह पूरी-वूरी कुछ नहीं बना रही। ऐसे में तो हम फँस जायेंगे। ढोला कुँवर हीरामन तोते को लेकर वहाँ से भाग चला। इतने में सामने एक बेर का झाड़ आया। ढोला कुँवर हीरामन तोते से बोला कि भूख लग रही हैं अब अपन बेर खा लेते हैं। पर हीरामन तोता बोला कि बेर-वेर तो छोड़ो जल्दी भाग चलो वर्ना रेवा मालन आ जायेगी। अब ढोला और तोता दोनों ऊँट दौड़ाते हुए अपने देश में आ गये।

दोनों ने वहाँ पहुँच कर रानी मारोनी के लाल बाग में अपना तम्बू तान दिया। एक दिन रानी मारोनी पाँच-सात सहेलियों के साथ अपने लाल बाग में पहुँची। सातों सहेलियों ने देखा कि कोई ऊँट डंगर की बेल खा रहा है। वे आकर ऊँट को वहाँ से भगाने के लिए मारने लगी। तो ऊँट पलटकर बोला- सुनों सात सहेलियों एक तरफ तो तुमने अच्छी मालिश कर दी अब मेरी दूसरी तरफ भी कर दो। ऊँट की यह बात सुनकर वे शरमा कर वहाँ से भाग गई। वे कुँए के पास आकर खड़ी हो गई। तम्बू के ऊपर बैठा हीरामन तोता ढोला कुँवर से बोला कि भैया अपनी सात सहेलियों के साथ मेरी भाभी कुँए पर आई हुई है। सातों सहेलियों ने आपस में विचार किया कि यह कोई परदेशी है। इसको हमें पानी पिलाना चाहिए। सबसे पहले कुम्हार की लड़की ढोला कुँवर को पानी देने गई। इतने में तोता बोला- भैया इनके हाथ का पानी नहीं पीना। तब ढोला उसकी तरफ पीठ फेर कर बैठ गया और उसके हाथ का पानी नहीं पीया। सातों लड़कियाँ एक-एक कर ढोला को पानी पिलाने गई पर ढोला ने किसी के हाथ का पानी नहीं पिया। अब खुद

रानी मारोनी ढोला कुँवर के लिए पानी लेकर गई। तब ऊपर से तोता बोला कि भैया अब तो मेरी भाभी खुद पानी लेकर आ रही है। तुम इसके हाथ का पानी पीकर कुछ हँसी-मजाक कर लेना। ढोला ने रानी मारोनी के हाथ का पानी पी लिया और उससे मजाक करने लगा। तब ढोला कुँवर उससे बोला कि मैं पहले तुम्हारे सत की परीक्षा लूँगा फिर तुम्हें अपनी बनाऊँगा। तुम कोरी मटकी में कच्चा सूत बाँधकर दोंगली के पाट के ऊपर से पानी भर लाओ। तभी मैं तुम्हारे सत को खरा मानूँगा। अब रानी मारोनी ने बाजार से कच्चा सूत और कोरी मटकी बुलवा ली। और रानी मारोनी कुँए के पाट पर पहुँची। वहाँ उसने दोंगली के पाट बिछाये और अपने छत्तीस देवताओं को सुमरने लगी। फिर उसने देवी भवानी की सुमरनी की। उसने दोंगली के पाट के ऊपर खड़े होकर पानी भर तो लिया लेकिन दोंगली थोड़ा-सा नव गई। ढोला कुँवर बोला- मैंने तुम्हारे सतीत्व को तो देख लिया, बताओ दोंगली किस कारण से थोड़ा सा नव गई? तब रानी मारोनी बोली- मेरे घर में कबरा बकरा बंधा था। कभी झाड़ू देने में उसकी पेशाब का कोई छींटा मुझे लग गया होगा। इस कारण से दोंगली नव गई होगी। अब रानी मारोनी बोली कि अब मैं भी तुम्हारे सत की परीक्षा लूँगी। तुम भी कच्चे सूत और कोरे मटके को दोंगली की पाट से कुँए से भर लाओ। ढोला कुँवर ने छत्तीस देवता और देवी भवानी तथा अपने माता पिता को सुमरन कर कुँए पर पहुँचा। उसी घड़ी कुँए का पानी ऊपर से बहने लगा। इधर रानी मारोनी और ढोला कुँवर की परीक्षा चल रही है उधर **काना डगमल** अपनी बारात लेकर रानी मारोनी को ब्याहने के लिए आ गया। तब अपने ऊँट पर बैठकर ढोला कुँवर भी रानी मारोनी के घर की तरफ बढ़ा। इतने में हीरामन तोता बोला- भैया अपन जा तो रहे हैं पर रास्ते में जगह-जगह खतरा है। एक जगह रास्ते में अपने ऊपर झाड़ टूटेगा और दूसरी जगह अपने ऊपर दीवाल टूटकर गिरेगी। जरा इनसे बचकर चलना। अब ढोला कुँवर और तोता चले। रास्ते में उन्हें एक इमली का झाड़ मिला वे जैसे ही उसके नीचे से निकले वह झाड़ गिर गया। आगे चले तो वे जैसे ही एक दीवाल के पास आये तो दीवाल गिर

गई। ढोला तो किसी तरह बच निकला पर ऊँट का पुट्ठा दब गया। वहाँ से ढोला कुँवर अपने ससुर के घर पहुँचे। उनके ससुर का नाम **गोलासिंग** था। गोलासिंग राजा के गाँव में रोज रात को एक राक्षस आता था और हर रोज एक आदमी को खा जाता था। गोलासिंग काने डगमल से बहुत डरता था। उसके घर दो-दो बारात आ गई थी। उसने सोचा कि किसी तरह ढोला कुँवर को रास्ते से हटाया जा सकता है।

गोलासिंग ढोला कुँवर से बोला कि तुम उस राक्षस को मारने के लिए जाओ। अब ढोला कुँवर एक पीपा शराब और बकरे के साथ अपनी तलवार उठाकर चल दिया। ढोला कुँवर ने अपने साथ एक बहुत मोटा और बड़ा सा लक्कड़ और एक खटिया तथा एक फटी गोदड़ी भी रख ली। उसने सबसे आगे शराब का पीपा रख दिया। उसके पीछे बकरा बाँध दिया। और उसके पीछे मोटा लक्कड़ रख दिया। लक्कड़ के बाद में ढोला कुँवर ने अपनी खटिया बिछाई और उसके नीचे जाकर वह सो गया। अब आधी रात को राक्षस आया और उसने शराब रखी देखी तो सबसे पहले उसने पूरी शराब गटक ली। उसके बाद उसने बकरे को मारकर खा लिया। और शराब के नशे में मोटे लक्कड़ को चाबने लगा। इतने में ढोला कुँवर उठा उसने अपनी तलवार से नशे में डूबे राक्षस के दो टुकड़े कर दिए। और राक्षस की हत्या की निशानी उसके नाक कान लेकर घर आ गया। गोलासिंग ने सोचा यह तो मरा ही नहीं। अब गोलासिंग राजा ने ढोला कुँवर को साटा की बाड़ी में भेज दिया। अब ढोला कुँवर ने वहाँ पहुँच कर साटे तोड़े और उनको तीखा कर उसमें अपनी बल्लम फँसा ली। इसके बाद ढोला कुँवर मचान पर चढ़ गया। आधी रात को वहाँ शेर आया और ढोला कुँवर को खाने के लिए मचान के ऊपर चढ़ने लगा। ढोला कुँवर ने अपने छत्तीस देवी-देवताओं को सुमिरन किया इसके बाद अपने माता-पिता को सुमिरन किया। और देवी भवानी का नाम लेकर साटे की बल्लम शेर को मारी जो सीधे शेर के मुँह पर लगी। शेर एक ही बल्लम में मर गया। उसने शेर के नाक कान और नाखून काटकर रख लिये। और फिर वह गोलासिंग के घर आकर सबको शेर और मरे हुए

